दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 150 मुरादाबाद, 19 September 2023 (Tuesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

KNLS Live

सम्पर्क करे:-9027776991

न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में

न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

## संक्षिप्त समाचार

### 'साहब...मेरी पत्नी को ढूंढ दो': जिसके लिए कमाने गया बाहर, वो प्रेमी संग हुई फरार; पति ने लगाई पुलिस से गुहार

पीड़ित युवक की शादी 2021 में हुई थी। शादी के बाद पति-पत्नी खुशी-खुशी रह रहे थे। इस साल जुलाई में युवक दूसरे शहर में नौकरी करने चला गया। एक दिन जब उसने पत्नी का नंबर पर कॉल की तो फोन स्विच ऑफ था। मां से पता किया तो उन्होंने बताया कि पत्नी अपने मायके गई है। शक होने पर युवक वहां से आ गया और ससुराल जाकर जानकारी की। लखीमपुर खीरी के मझगईं थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की पत्नी उसे छोड़कर प्रेमी के साथ चली गई। युवक दूसरे शहर में नौकरी करने गया था। जब उसे सूचना मिली तो हैरान रह गया। वह घर वापस आ गया। उसने एसपी दफ्तर में प्रार्थनापत्र देकर पत्नी को ढूंढने की गुहार लगाई है। मझगईं थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका विवाह 2021 में निघासन थाने के एक गांव निवासी युवती के साथ हुआ था। शादी के बाद दोनों अच्छे से रह रहे थे। परिवार का भरण-पोषण करने के लिए युवक जून 2023 को कुछ साथियों के साथ बाहर कमाने चला गया। पत्नी का फोन स्विच ऑफ युवक के घर पर उसकी मां व पत्नी ही थीं। युवक ने 23 जुलाई को पत्नी के नंबर पर कॉल लगाई तो फोन स्विच ऑफ था। इस पर उसने अपनी मां से बात की तो उन्होंने पत्नी के मायके जाने की बात कही। जब वह ससुराल पहुंचा तो वहां भी पत्नी नहीं मिली। युवक ने ससुराल के लोगों से जानकारी की। ससुराल के लोगों ने बताया कि विवाहिता का किसी से प्रेम प्रसंग है, जिसके साथ वह चली गई है। इससे युवक निराश होकर अपने घर वापस आ गया। उसने यहां आकर देखा तो 92 हजार के गहने और 20 हजार रुपये गायब थे। पीड़ित ने पुलिस से पत्नी को बरामद करने की गुहार लगाई है।

## संसद का विशेष सत्र: पीएम मोदी ने किया संबोधित, विपक्षी दलों के नेताओं ने की महिला आरक्षण विधेयक लाने की मांग




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में दिए अपने भाषण में संसदीय इतिहास के कई बड़े मौकों को याद किया। पीएम मोदी ने कहा कि इसी सदन में अमेरिका के साथ ऐतिहासिक परमाणु समझौते पर अंतिम मुहर लगाई थी। इसी सदन में अनुच्छेद 370 हटाने, वन पेंशन-वन टैक्स...जीएसटी लागू करने और वन रैंक-वन पेंशन का फैसला भी हुआ। गरीबों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला भी यहीं हुआ संसद के विशेष सत्र में पहले दिन सोमवार को आजादी के बाद 75 साल की उपलब्धियों पर चर्चा जारी है। पीएम मोदी ने सबसे पहले संसदीय यात्रा की शुरुआत, उपलब्धियां, अनुभव, स्मृतियां और उनसे मिली सीख के मुद्दे पर लोकसभा में संबोधन दिया। इस दौरान उन्होंने संसद के पुराने भवन से नए भवन में जाने को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि वे इस मौके पर भावुक हैं। अधीर के निलंबन के मामले पर रिपोर्ट लोकसभा के पटल पर रखी गई लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी की प्रधानमंत्री मोदी के संदर्भ में की गई टिप्पणी के कारण हुए उनके निलंबन के मामले से संबंधित विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट सोमवार को सदन के पटल पर रखी गई। इस रिपोर्ट को पटल पर रखे जाने से कुछ दिनों पहले 30 अगस्त को इसकी सिफारिशों के आधार पर लोकसभा से चौधरी के निलंबन को निरस्त कर दिया गया था। बीते मानसून सत्र में लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता चौधरी को प्रधानमंत्री मोदी को लेकर की गई कुछ टिप्पणियों और उनके आचरण के कारण 10 अगस्त को सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया गया था। इसके साथ ही उनके खिलाफ इस मामले को जांच के लिए विशेषाधिकार समिति के पास भेज दिया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में दिए अपने भाषण में संसदीय इतिहास के कई बड़े मौकों को याद किया। पीएम मोदी ने कहा कि इसी सदन में अमेरिका के साथ ऐतिहासिक परमाणु समझौते पर अंतिम मुहर लगाई थी। इसी सदन में अनुच्छेद 370 हटाने, वन पेंशन-वन टैक्स...जीएसटी लागू करने और वन रैंक-वन पेंशन का फैसला भी हुआ। गरीबों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला भी यहीं हुआ। इसी सदन में एक वोट से सरकार गिरी- पीएम मोदी ने कहा कि भारत के लोकतंत्र ने तमाम उतार-चढ़ाव देखे हैं और ये सदन, लोकतंत्र की ताकत हैं और लोकतंत्र का साक्षी है। इसी सदन में चार सांसदों वाली पार्टी सत्ता में होती थी और 100 सांसदों वाली पार्टी विपक्ष में होती थी। इसी सदन में एक वोट से सरकार गिरी थी। जब नरसिम्हा राव घर जाने की तैयारी कर रहे थे लेकिन इसी सदन की ताकत से वह अगले पांच साल के लिए देश के प्रधानमंत्री बने। 2000 की अटल जी की सरकार में तीन राज्यों का गठन हुआ। जिसका हर किसी ने उत्सव मनाया, लेकिन एक राज्य तेलंगाना के गठन के समय खून-खराबा भी देखा। इसी सदन ने कैंटीन में मिलने वाली सब्सिडी को खत्म किया। इसी सदन के सदस्यों ने कोरोना काल में सांसद फंड का पैसा जनहित में दिया।

### पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी सरकार की तारीफ की

पीएम मोदी ने पंडित नेहरू के नेतृत्व में बनी पहली सरकार की तारीफ की। पीएम मोदी ने कहा कि %पंडित नेहरू के कार्यकाल के दौरान जब बाबा साहब भीमराव अंबेडकर मंत्री थे तो देश में बेस्ट प्रैक्टिस को लागू करने की दिशा में बहुत काम हुआ। अंबेडकर हमेशा कहते थे कि देश में सामाजिक समानता के लिए देश में औद्योगिकीकरण होना बेहद जरूरी है। उस समय जो उद्योग नीति लाई गई थी, वो आज भी उदाहरण है। लाल बहादुर शास्त्री ने 1965 के युद्ध में देश के जवानों को इसी सदन से प्रेरित किया था और यहीं से उन्होंने हरित क्रांति की नींव रखी थी। बांग्लादेश की मुक्ति का आंदोलन और उसका समर्थन भी इसी सदन में इंदिरा गांधी के नेतृत्व में किया गया। इसी सदन ने देश के लोकतंत्र पर आपातकाल के रूप में हुआ हमला भी देखा था। इसी सदन में मतदान की उम्र 21 से 18 करने का फैसला किया गया और युवा पीढ़ी को लोकतंत्र का हिस्सा बनाया गया।

## सीएम योगी ने रक्तदाताओं का बढ़ाया उत्साह, बोले- महादान में खुद आगे आएं लोग



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवारा मनाया जा रहा है। आज रक्तदान का कार्यक्रम इसी का हिस्सा है। पीएम मोदी का जीवन जनता और जन कल्याण को समर्पित है। उनके नेतृत्व में नया भारत दुनिया की महाशक्ति बन रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवारा के अंतर्गत सोमवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक में रक्तदान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया और रक्तदान करने वाले युवाओं का मनोबल बढ़ाया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्तदान महादान है। इस महादान के प्रति लोग स्वतः स्फूर्त भावना से आगे आएं, इसके लिए समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है। रक्तदान कर रक्त की कमी या रक्त विकार से ग्रसित लोगों की जान बचाई जा सकती है। एक यूनिट रक्त के अलग अलग तत्वों से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है।उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में अभी बहुत से लोग रक्तदान के लिए आगे नहीं आते, जबकि किसी भी स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करने से कोई दिक्कत नहीं होती। स्वैच्छिक रक्तदान कम होने पर पेशेवर लोग जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने लगते हैं। समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाकर पेशेवरों को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि निश्चित अंतराल के बाद प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति को पीड़ित मानवता की मदद के लिए रक्तदान करना ही चाहिए।सीएम योगी ने कहा कि 2005 में गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय में ब्लड बैंक की स्थापना हुई थी। तब ब्लड सेपरेटर की व्यवस्था नहीं थी। अब ब्लड सेपरेटर होने से जरूरत के अनुसार प्लेटलेट्स, प्लाज्मा आदि अलग-अलग कर रोगियों को उपलब्ध हो रहा है। इससे मरीजों को काफी राहत मिल रही है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवारा मनाया जा रहा है। आज रक्तदान का कार्यक्रम इसी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का जीवन जनता और जन कल्याण को समर्पित है। उनके नेतृत्व में नया भारत दुनिया की महाशक्ति बन रहा है। जी-20 की अगुवाई के साथ दुनिया भारत का सामर्थ्य देख रही है। भारत की प्रतिष्ठा वैश्विक मंचों पर तेजी से बढ़ती जा रही है।रक्तदान शिविर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्तदान कर रहे युवाओं से बात की, उत्साह बढ़ाते हुए उनके साथ तस्वीरें खिंचाई। इस दौरान गुरु गोरक्षनाथ ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, सत्यार्थ मिश्रा, सत्येंद्र सिन्हा, राहुल श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## विपक्ष पर बिफरे धनखड़: जयराम रमेश से बोले- आप मेरी कुर्सी पर बैठिए, खरगे से पूछा- क्या मुझ पर साध रहे निशाना




मल्लिकार्जुन खरगे ने सभापति धनखड़ से कहा कि संसद में बोलने की आजादी सभी को मिलनी चाहिए। मेरी छोटी गलतियों पर आप बड़ी सजा देते हैं, लेकिन उनकी गलतियों को माफ कर देते हैं।संसद के विशेष सत्र की आज से शुरुआत हो गई है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत इंडिया गठबंधन के तमाम नेता सदन में मौजूद रहे। इस दौरान सदन में हंगामा भी हुआ। वहीं, सभापति विपक्ष के नेताओं को डांटते दिखे। उन्होंने गुस्से में यह तक कह दिया कि आइए आप बैठ जाइए मेरी जगह। दरअसल, राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खरगे सभापति जगदीप धनखड़ के सामने अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने धनखड़ से कहा कि संसद में बोलने की आजादी सभी को मिलनी चाहिए। मेरी छोटी गलतियों पर आप बड़ी सजा देते हैं, लेकिन उनकी गलतियों को माफ कर देते हैं। इसपर सभापति ने खरगे को टोका और कहा कि आज आप बहुत गुस्से में हो। इस पर खरगे ने कहा कि नहीं... नहीं...। सभापति ने कहा कि आज आप पूरी तरह से भटके हुए लग रहे हैं। आपने मुद्दों की बात ही नहीं की। उन्होंने खरगे से पूछा कि आज आपका हमला मुझ पर ही है क्या? सभापति ने कहा कि कब तक हम हंगामे को जस्टिफाई करते रहेंगे। मुझ पर क्या बीती होगी जब आपने कहा मुझे बोलने नहीं दिया। इस बीच, जयराम रमेश बोल पड़े कि आप (सभापति) उनकी भाषण पर टिप्पणी कर रहे हैं। आप उन्हें अपनी बात खत्म करने दें। इस पर सभापति धनखड़ ने डांटते हुए कहा कि ये मेरे द्वारा संचालित होता है, अगर आपको कहना है तो इस कुर्सी पर आकर बैठिए। इसपर जयराम रमेश ने कहा कि मुझे वहां नहीं आना है। बाद खरगे को जगदीप धनखड़ ने कहा, जब भी किसी मुद्दे पर बहस हुई है, आपने वॉकआउट किया है। फिर खरगे ने धनखड़ को धन्यवाद दिया। इस पर धनखड़ ने कहा चलिए आपने धन्यवाद तो कहा।

## किसान महापंचायत: टिकैत का एलान, एमएसपी के लिए होगा बड़ा आंदोलन, फसल और नस्ल दोनों बर्बाद कर रही सरकार



भाकियू नेता राकेश टिकैत ने किसान महापंचायत में कहा कि भाजपा ने किसानों के लिए अपने घोषणा पत्र में किए गए वादे पूरे नहीं किए हैं। अब पूरे देश में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।भारतीय किसान यूनियन प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गारंटी कानून के लिए पूरे देश में बड़ा आंदोलन होगा। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि इसके लिए तैयारी कर लो क्योंकि सरकार अपने वायदे से मुकर रही है और बड़ी कंपनियों को फायदा पहुंचाकर किसानों की फसल और नस्ल दोनों को बर्बाद करने पर तुली है।सोमवार को राकेश टिकैत लखनऊ के इको गार्डेन में आयोजित किसान मजदूर अधिकार महापंचायत को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की बात नहीं मान रही है। किसानों की फ्री में जमीन लेने का षड्यंत्र चल रहा है। अधिकारियों और नेताओं ने हाइवे के किनारे की पूरी जमीन खरीद ली है। अब ब्लॉक स्तर पर मीटिंग करो और बड़े आंदोलन की तैयारी करो।उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस पर ध्यान रखो जिस तरह से उनकी मीटिंग चलती है। इसी तरह से आपकी मीटिंग और परेड भी लाठी से होनी चाहिए। आप भी आरएसएस की तरह बड़े-बड़े कार्यक्रम लगाओ। उन्होंने गन्ना मूल्य बढ़ाने, एमएसपी पर गारंटी कानून बनाने और 10 साल के डीजल ट्रैक्टर पर एनसीआर में लगी रोक हटाने जैसे तमाम मुद्दे उठाए।

### 5 साल नहीं लगने देंगे मीटर

टिकैत ने कहा कि भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में वादा किया था कि किसानों को बिजली मुफ्त देंगे और मीटर नहीं लगेंगे तो कम से कम 5 साल तो और प्रदेश में मीटर नहीं लगने दिए जाएंगे। वर्ष 2027 के चुनाव में भाजपा फिर से अपना घोषणा पत्र जारी करेगी तो उसमें बाकायदा लिखे कि किसानों से बिल वसूला जाएगा या फिर यह कहे कि उसका घोषणा पत्र झूठा था।

### थानों में छोड़ आओ आवारा पशु

राकेश टिकैत ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि छुट्टा पशुओं के लिए थानेदारों को बजट दिया है। सभी किसान अपने-अपने क्षेत्र के छुट्टा पशुओं को लेकर थाने में जाओ और थानेदार के पास छोड़कर आओ। योगी जी की इस बात की प्रशंसा करो कि उन्होंने थानेदारों को यह जिम्मेदारी दी है । थानों में पशु जाएंगे तो थानेदार भी लोगों को झूठे मुकदमे में फंसने की बजाय उनकी सेवा में लगेगा।

## संपादकीय Editorial

### Media in the court of 'India'

'Once upon a time, news was frowned upon only in your name, but today your writings are accused of spreading hatred.' Journalism has reduced its importance to such an extent that now an anchor is standing in the dock after becoming a subject of debate. What does the alliance formed in the name of opposition unity want to say by separating a part of the media from the knot of democracy and why did such circumstances arise that 'those who till yesterday were doing things outside the margins, today got cut off from their own gathering. ' If a cold of the decisions being taken in the election court against the Modi government is falling on the media, then it is not just a warning about the falling standards of journalism, but a dangerous order has started growing in the den of the future. The current contest between media versus politics is not only boycotting the 14 anchors, but is also giving a message of deteriorating trust, mutual balance and erosion of mutual roles among all the pillars of democracy. There is no doubt that in the last few years, the media, especially the electronic media, has hurt its language, terminology, morality, restraint, conscience, independence and democratic character, due to which instability, opportunism and corporatization have become prevalent in the entire journalism. Went. The surprising thing is that some faces, becoming high profile or five star journalists, became agents in offering media business. Some became political middlemen and some experts in sowing seeds of hatred within the society.

In the media scenario that has emerged in the last years, journalism has given evidence of a drastic decline in its quality, credibility and integrity. Today, if 14 identified faces of the media world are being declared untouchable in the court of the opposition alliance, then this is an extraordinary development and the effect of which will hurt the morale of journalism in some way or the other. The irony is that even where the parties of the opposition coalition 'India' are in power, the expectations from journalism are not different or independent. The price of media freedom has to be paid either by getting entangled in a criminal case or by bypassing government advertisements. According to the information given in the Lok Sabha, the Central Government has distributed advertisements worth Rs 3138 crore to print media and Rs 3260 crore to electronic media from 2014-15 to December 2022. Obviously, this money has been allocated more due to kneeling rather than on the chest of the media. But now the state governments are also creating the same scenario. If the AAP government in Delhi promotes itself by distributing advertisements worth Rs. 600 crores, then there is a reason for the queues among the media. Today, no power can see the media becoming strong, while on the other hand, a crowd of people and objectives are gathering in journalism, who neither have professional standards nor the passion to operate for the vibrancy of democracy. The ability to give a strong shape to the media in the consumer form of news is also disappearing from the society. The media, dancing between the society and the system, is losing its power, and under the guise of polarization, its appearance has changed due to the crimes of majoritarianism. The boycott of fourteen anchors shows how much shamelessness and shamelessness there is in the media, but this action to correct it is also putting the freedom of expression in the dock. Obviously the decline of the electronic media is deep, but until the anchors' masters are caught, corruption will continue from the national level to the ownership of the states. It would be better if India Alliance advocates wholeheartedly for media freedom in its states so that this message gets reinforced to the nation.

# Humorous: Afraid of cameras and mirrors, eager to open their wrists and anklets

We went to a wedding ceremony. There too he was under camera surveillance. As soon as various dishes were placed on the plate to eat and the first morsel was put in the mouth, the cameraman appeared in front. The flash light started shining. There was such a reflex action of that flash light that the roti held in the right hand automatically returned to the plate via the left hand. We were fond of two things since childhood. The first is to get the photo clicked and the second is to stand in front of the mirror and look at oneself. There was one thing in common between both of them and that was that both of them had the facility to make different types of poses. Times changed. The era of selfie has come. We have also changed because we have mobile phones in our hands. Now both camera and mirror have become a cause of fear for us. The situation is such that as soon as they see the camera, they move to the right or left and become afraid of going in front of the mirror. So this is called change of time. This camera seems intent on revealing the wrists of our character and like a mirror, it starts revealing the secrets of the face. Is this happening only with us? No brother, not at all. Now whoever we see in society has started running away from cameras and mirrors. Most of the people today are not able to muster the courage to face the truth. Neither the camera nor the mirror lies. The faces of today's people are no longer capable of bearing the truth. We went to a wedding ceremony. There too he was under camera surveillance. As soon as various dishes were placed on the plate to eat and the first morsel was put in the mouth, the cameraman appeared in front. The flash light started shining. There was such a reflex action of that flash light that the roti held in the right hand automatically returned to the plate via the left hand. Just like action replays are shown in cricket. Where even food is being recorded, how can anything go down our throat? I started thinking, later the family members will see the video recording of this wedding and will say that this person behaved like he has spent two hundred rupees and the next one is cleaning his hands on the caterer's plate worth five hundred rupees, as if he has been hungry for years. Another incident happened in the same marriage. The angry uncle and brother-in-law refused to come in front of the camera saying that the new boys were not allowing them to perform the Naagin dance as per their wish. He boycotted the wedding procession and became a peacock. He said that whether anyone sees or not, he will go to the forest and dance, but he will definitely not dance at this wedding. Don't even ask about the mirror. Nowadays one's own reflection appears to be a skeleton. Ever since the cataracts of dishonesty have appeared in his eyes, Jamir's face has become clearly visible even without glasses. It has become difficult to show oneself. We have also committed minor dishonesties. Admittedly, I never took any bribe either because there was no opportunity for it or because the amount was so small that I felt embarrassed to take it. Still, fifty-hundred fake works must have been done or got done. What's more, he has given bribes to many people to get all his work done. Sometimes for reservation seat in the train and sometimes for getting the work done quickly in the government department. Sometimes there was theft of electricity, sometimes of tax. Well, slacking off is part of life. A thick layer of soot has settled on the conscience. He kept abusing the person behind his back and if necessary even touched his feet in public. In such a situation, it is natural for someone blinded by selfishness to be afraid of the mirror. We too fear ourselves in solitude. The mirror is not broken, we are the ones who are broken from within. We: Remember friends, we are afraid of cameras and mirrors because if our loved ones get stuck in some trouble, who will save us? We are common people. We neither have access to the government nor to God. One has to be afraid of both. Outside from the government and inside from our God. But why are those people afraid today, who have access to both governments and to whom even God cannot do any harm? Why do they need to worry about sting operations, media coverage, channel debates etc?

# Politics of insulting Sanatan Dharma, statements of DMK leaders created big trouble for I.N.D.I.A.

Calling the insult to Sanatan Dharma a secret agenda of INDIA, the Prime Minister also reminded how Gandhiji fought for freedom with the help of Sanatan culture. He also underlined that the people of India want to end the Sanatan which Mahatma Gandhi believed in throughout his life and which inspired him to launch the movement against untouchability. Minister Udhayanidhi Stalin, son of Tamil Nadu Chief Minister MK Stalin, termed Sanatan Dharma as dengue and malaria and said that it should not be opposed but should be completely eliminated. There is bound to be a sharp reaction from Hindu organizations along with BJP on this. Was. Even after this he stands by his statement. After Udhayanidhi, another leader of his own party i.e. DMK and former Union Minister A. Raja termed Sanatan Dharma like AIDS and leprosy. He also said that Sanatan Dharma is a threat not only to India but to the entire world. It is surprising that MK Stalin and other DMK leaders are justifying Udhayanidhi's statement. It is clear that this issue is not going to settle down due to this. Prime Minister Narendra Modi himself took cognizance of Udhayanidhi's absurd and inflammatory statement and said that an appropriate response should be given to it. Recently, while addressing a meeting in Madhya Pradesh, he attacked the alliance of opposition parties, INDIA, saying that this alliance wants to disintegrate those traditions, ideas and culture of India, which have kept the country united for thousands of years. Is. Calling the insult to Sanatan Dharma a secret agenda of INDIA, the Prime Minister also reminded how Gandhiji fought for freedom with the help of Sanatan culture. He also underlined that the people of India want to end the Sanatan which Mahatma Gandhi believed in throughout his life and which inspired him to launch the movement against untouchability. DMK is not only an ally of Congress but also a major component of INDIA. The objectionable anti-Sanatan Dharma statements of DMK leaders have created a big problem for this alliance. Some constituents have expressed disagreement with the statements of DMK leaders, but Congress only said, "We take all religions together." No religion should be belittled. Even the Constitution does not allow this and Congress believes in equality of all religions." Congress leaders Udhayanidhi and A. Could not criticize the king's statements. It is not hidden from anyone that BJP has been giving prominence to Hindutva since the time of Jan Sangh. She considers Hindutva synonymous with Indianness and whenever any inappropriate statement was made about Hindutva, she openly opposed it. Congress and INDIA constituents are aware that in the past those who have made absurd statements on Hindutva or Hindu culture have suffered political losses, but they are unable to criticize Udhayanidhi. Whenever any party made inappropriate comments on Indian civilization and culture under the politics of appeasement, BJP along with Hindu society condemned them.

Hindutva is in the DNA of BJP. For this reason he openly supported the movement started for the construction of Ram temple in Ayodhya. The anti-BJP parties may have been putting Hindutva in the dock as part of their agenda, but the BJP never compromised with it. He did not even look at it from a political perspective. Construction of Ram temple has been the core agenda of BJP, just like Uniform Civil Code. It is not surprising that after ensuring the grand construction of Ram temple in Ayodhya, BJP is now advocating for Uniform Civil Code. He believes that the creation of a Uniform Civil Code will end the politics of appeasement and will create a sense of unity in the country. It was the result of BJP's commitment towards Hindutva that from time to time its opposition parties resorted to soft Hindutva to attract the Hindu society towards themselves and welcomed the decision on Ram Temple. After the last Lok Sabha elections, Congress also seemed to be associating itself with Hindutva. Rahul Gandhi was seen visiting temples and performing puja. He did not get any political benefit from this because the people of the country thought that he was going from temple to temple only for political reasons and calling himself a sacred thread Brahmin. Sanatan culture is thousands of years old. There was no mention of casteism, untouchability etc. anywhere in its religious texts, but it is also a fact that due to circumstances, casteism became prevalent in the Hindu society and the feeling of untouchability also spread. Due to this, the castes called Dalits were prevented from entering the temples. Hindu society itself took the initiative to remove these discrepancies. Hindu society had started fighting these discrepancies and evils even before independence. For this reason, laws were made against caste discrimination and untouchability. This fight is still going on and needs to continue. Some parties like DMK increased their political base by highlighting the evils like casteism and untouchability in Hindu society. This created a kind of division in the society and these parties took political advantage of it. It is clear that DMK leaders are making inappropriate and provocative comments on Sanatan Dharma only for political reasons. It is possible that DMK leaders' inflammatory statements on Sanatana Dharma may give them some political mileage in Tamil Nadu. Even if they get it, India's difficulties in the rest of the country are going to increase because of them. The leaders of DMK and its allies should realize that they cannot make a dent in the BJP's vote bank by insulting Sanatan Dharma. It is certain that BJP leaders are going to leave no stone unturned in capitalizing on the statements of DMK leaders and the silence or cover-up of many INDIA constituents on them. It is strange that the Congress, which calls itself the heir of Gandhiji's values, is not able to condemn the statements of DMK leaders insulting Sanatan Dharma.

## पॉक्सों केसों की पैरवी प्रभावी ढंग से करें तथा शमन तामीला पर विशेष ध्यान दें-डीएम

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में अभियोजन कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने सभी तरह के वादों की समीक्षा करते हुए शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि वादों की प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को कडी सजा दिलायी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि दायर वादों का डिस्पोजल भी बढ़ाये और सजा का प्रतिशत भी बढ़ायें। समन तामीला पर विशेष ध्यान दिया जाये। निर्णित वादों के सापेक्ष सजा कम होने पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए वादों की ठीक प्रकार से मानीटरिंग कर अपराधियों को सजा के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पॉक्सो एक्ट ( महिला संबंधी अपराधन ) पर विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने बताया कि मा0 उच्च न्यायालय द्वारा भी महिला संबंधी अपराध एवं पाक्सों के मामलों को प्राथमिकता से लेने के निर्देश दिये हैं अतः मा0 न्यायालय के आदेश के अनुपालन में महिला संबंधी अपराध एवं पॉक्सों के मामलों को प्राथमिकता से लें। गवाहों की स्थिति बेहतर हों, इसके लिए विशेष प्रयास किए जाये। गवाहों की उपस्थित अवश्य दर्ज करें और रिकार्ड में रखें। हमें आपस में तालमेल कर और बेहतर रिजल्ट देना है। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे केस जो जजमेंट की कगार पर हैं उन पर विशेष ध्यान देकर प्रकरण का निस्तारण करायें तथा अपराधी को सजा दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभायें। उन्होंने कहा कि निरन्तर प्रयास से ही स्थिति बदलती है और आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन की तरफ से आपको अपेक्षित सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि गवाहों को होस्टाइल न होने दिया जाये। जिन वादों का डिस्पोजल हो रहा है उसमें सजाएं कम हो रही हैं। शुरु से केसों की मानीटरिंग की जाये और सजा दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाये, जितना वादों का दायरा हो रहा है निस्तारण उससे अधिक होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी तरह की समस्या आ रही है तो अवगत कराये। शासकीय अधिवक्तागण अपीले भी समय से दायर करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, एसपी टैऊफिक सुभाष गंगवार, संयुक्त निदेशक अभियोजन सहित शासकीय अधिवक्तागण एवं ए0डी0जी0सी0, एसपीओ, ए0पी0ओ0 आदि उपस्थित रहें।

## रामपुर क्रीड़ाधिकारी पर खिलाड़ी को पीटने का आरोप, खेल मंत्री ने समीक्षा बैठक में अफसर को लगाई फटकार




मुरादाबाद - मुरादाबाद के सोनकपुर स्टेडियम से बारिश के पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं होने पर मंत्री ने अफसरों को खरी खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि स्टेडियम से बारिश के पानी की निकासी नहीं करा सके तो प्रतिभाएं कैसे निकालोगे। यादव ने मंडल में करवाई गई खेल प्रतियोगिताओं के बारे में विस्तार से जाना। खेल विभाग की मुरादाबाद सर्किट हाउस में हुई समीक्षा बैठक में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) गिरीश चंद्र यादव ने रामपुर के डीएसओ की जमकर फटकार लगाई। रविवार को मंत्री रामपुर गए थे। मुआयने के दौरान छात्रावास में रह रहे एक खिलाड़ी ने डीएसओ पर गंभीर आरोप लगाए। खिलाड़ी ने रोकर अपना दर्द बयां किया था। उसका कहना था कि छात्रावास में खाना नहीं मिलता और विरोध करने पर खेल अधिकारी ने उसे पीटा। इसके बाद मुरादाबाद में समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री बेहद खफा हुए और अधिकारी की फटकार लगाई। कहा कि अभिभावक की तरह खिलाड़ियों का ध्यान रखो। इस पर अधिकारी ने बहाना बनाया कि शिकायत करने वाला खिलाड़ी अनुशासनहीन है। स्टेडियम से कई बार भागने की कोशिश कर चुका है। मंत्री ने डांटा और कहा कि जब खाना नहीं दोगे तो तुम्हारा बच्चा भी घर में नहीं रुकेगा। इस मामले की जांच कराने व कमी मिलने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। मंत्री ने बैठक में डीएसओ से स्टेडियम में पंजीकृत खिलाड़ियों की संख्या, तैनात कर्मचारियों की संख्या और कोचों की संख्या पूछी तो उसका उत्तर भी सही से नहीं मिला। इस पर मंत्री ने कहा कि नौकरी करने का मन नहीं है क्या।खेल अधिकारी का कहना था कि कुल 57 बच्चे मैदान पर आते हैं। विद्यालयों ने खिलाड़ियों को जोड़ने का प्रयास किया जाता है लेकिन उनके माता-पिता तैयार नहीं होते। 10 खेलों में सिर्फ तीन खेल संचालित हो रहे हैं। इस पर मंत्री ने कहा कि जब क्षेत्र में खिलाड़ी पैदा नहीं कर सकते तो क्यों तैनात हो। जिस काम के लिए वेतन मिल रहा है, वही ढंग से नहीं कर पा रहे हो। मंत्री ने उन्हें खेल प्रोत्साहन राशि से फुटबाल कोच तैनात करने के निर्देश दिए। साथ ही छात्रावास में सभी खिलाड़ियों को डाइट चार्ट के अनुसार समय से भोजन उपलब्ध कराने के लिए कहा।

### स्टेडियम से पानी नहीं निकल रहा, प्रतिभाएं क्या निकलेंगी

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) गिरीश चंद यादव ने मंडल के खेलों की समीक्षा की। इस संबंध में मुरादाबाद के सर्किट हाउस में हुई बैठक में मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, संभल व बिजनौर के खेल विभाग व युवा कल्याण विभाग के प्रतिनिधि पहुंचे। इस समीक्षा में मंडल में खेलों की दुर्दशा साफ दिखाई दी। मुरादाबाद के सोनकपुर स्टेडियम में स्मार्ट सिटी के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च कर दिए गए लेकिन बारिश के पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं हो सकी।इस पर मंत्री ने क्रीड़ाधिकारी प्रेम कुमार से कहा कि स्टेडियम से बारिश के पानी की निकासी नहीं करा सके, यहां से प्रतिभाएं कैसे निकालोगे।

### खेल दिवस की एथलेटिक्स प्रतियोगिता नहीं हो सकी

इसका मतलब है कि चार महीने खेल गतिविधियां ठप रही होंगी। वास्तविकता भी यही है कि बारिश के कारण जलभराव के चलते स्टेडियम में खेल दिवस की एथलेटिक्स प्रतियोगिता नहीं हो सकी। मंत्री ने आरएसओ ने कहा कि क्या आपने जल निकासी की व्यवस्था के लिए निदेशालय को पत्र लिखा। यदि नहीं लिखा तो क्या यहां टाइमपास कर रहे हो। कुछ तो काम करो, किसी खेल में तो खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाओ। सिर्फ 450 खिलाड़ियों के पंजीकरण पर भी मंत्री से असंतोष जताया और संख्या बढ़ाने के लिए कहा। मंत्री ने स्टेडियम में स्मार्ट सिटी योजना के तहत हुए कार्यों का भी ब्योरा मांगा। बैठक में रामपुर, संभल, अमरोहा व बिजनौर के क्रीड़ाधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, विभिन्न खेलों के कोच और बीओ मौजूद रहे।

### निष्क्रिय मंगल दलों की स्थिति पर भी लगाई फटकार


मंडल के अलग अलग जिलों में युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित नव युवक मंगल दलों व महिला मंगल दलों की स्थिति पर भी मंत्री ने नाराजगी जताई। कहा कि बिना सत्यापन किए किसी का भी नाम मंगल दल में जोड़ दिया जाता है। आयु सीमा 35 वर्ष तक की है और मंगल दलों में 60 वर्ष के लोग काम कर रहे हैं। यदि बीओ हर विकास खंड में ग्राम पंचायतों का दौरा करते तो यह स्थिति न होती। मंत्री ने चेताया कि अधिकारियों के कहने पर विभिन्न कार्यों की जांच बाद में करें, पहले वह कार्य करें जिसके लिए वेतन मिल रहा है।

### मुरादाबाद में बनेगा हॉकी के लिए एस्ट्रो टर्फ, छात्रावास

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) गिरीश चंद यादव ने कहा कि मुरादाबाद में हॉकी के लिए एस्ट्रो टर्फ बनेगा। नए स्टेडियम के लिए जो जमीन तलाशी जा रही है। उसमें हॉकी खिलाड़ियों के लिए यह व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा स्टेडियम में छात्रावास बनाया जाएगा। इसमें विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण लेने के इच्छुक खिलाड़ी बाहर से आकर रह सकेंगे। मुरादाबाद में लंबे समय से जीआईसी के कंक्रीट भरे मैदान और स्टेडियम की घास में खिलाड़ी हॉकी खेलते हैं। जबकि यहां से मोहम्मद फराज और सिमरन सिंह जूनियर इंडिया हॉकी टीम तक का सफर तय कर चुके हैं। यहां एस्ट्रो टर्फ बनने से नवोदित प्रतिभाओं को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय फलक पर पहुंचने में आसानी होगी।

## जामिया अहसानुल बनात स्कूल वालो ने पिता और पुत्री को स्कूल के अन्दर बनाया बंधक

क्यूँ न लिखूँ सच
मौ.युसूफ



मुरादाबाद- उत्तर प्रदेश जनपद मुरादाबाद जामिया अहसानुल बनात ( j.A.B) पल्लपुरवा दिल्ली रोड अहसानाबाद मुरादाबाद में मुख्तार आलम एडमिशन कराने हेतु कुल अंकन 1200 रुपये में पंजीकरण कराया था पंजीकरण कराने के उपरांत मुख्तार आलम अपनी पुत्री को लेकर विद्यालय गया तो वह उपस्थित मौलाना ने मुख्तार आलम से कहां की एडमिशन तब करेंगे जब 6 माह की फीस लगभग 36000 रुपए एडवांस जमा करोगे मुख्तार आलम ने इस पर आपत्ति जताई तो वहां मौजूद मौलाना ने मुख्तार आलम के साथ गाली गलौज की तथा मुख्तार को दिनांक 15 -09-2023को विद्यालय में मुख्तार आलम की पुत्री समेत बंधक बना लिया बड़ी मुश्किल से दिनांक 15 -09 -2023 को सायं 6बजे करीब स्कूल वालों ने मुख्तार आलम और उसकी बच्ची को भीड़ लगने के बाद रिहा करा परंतु इन लोगों ने मुख्तार आलम का मोबाइल एवं मोबाइल के कवर में रखें 5000 रुपए एवं आधार कार्ड छीन लिया मुख्तार आलम इंसाफ के लिए अधिकारियों कार्यालय के चक्कर लगा रहा है परंतु उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
KNLSLIVE
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

## नाजायज तमंचे 315 बोर व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया




क्यूँ न लिखूँ सच
शेर सिंह

बरेली- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा चलाए जा रहे अपराध व अपराधों की रोकथाम के अभियान के अंतर्गत श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के सफल निर्देशन में श्रीमान क्षेत्राधिकार यातायात महोदय के सफल पर्यवेक्षण में व श्रीमान प्रभारी निरीक्षक महोदय के कुशल नेतृत्व में बिथरी चैनपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त हरबंस पुत्र बुद्ध सेन उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम कनकोर थाना जहानाबाद पीलीभीत थाना बिथरी चैनपुर बरेली को एक नाजायज तमंचे 315 बोर व. 02 जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ बेहद ग्राम तय्यतपुर से समय 8-50 बजे गिरफ्तार किया गया जिसके क्रम में थाना हाजा पर मुकदमा अपराध संख्या 375/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया । अभियुक्त हरिवंश उपरोक्त की विधिक करवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा

दैनिक अखबा
की जिला ए
ब्यूरो संवा
प्रति
9027
knlslive

## वर्चस्व की जंग में इंस्पेक्टर व पुलिसकर्मियों के बेटों ने की थी बमबाजी, एसएसपी आवास तक दहला गया था

मुरादाबाद - सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में बमबाजी और फायरिंग करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीनों के परिजन पुलिस में हैं। परिजनों के विभाग में होने के कारण मामले में पुलिस ने घंटों बाद एसएसपी के आदेश पर एफआईआर दर्ज की थी। इसके बाद सभी को पकड़ा। जांच में पता चला कि बमबाजी वर्चस्व की जंग में की गई थी।मुरादाबाद में एसएसपी बंगले के पास शुक्रवार रात इंस्पेक्टर और पुलिस कर्मियों के बेटों ने अपने साथियों के साथ मिलकर वर्चस्व की जंग में बमबाजी और फायरिंग की थी। इंस्पेक्टर के बेटे अर्जुन उर्फ सन्नी गुर्जर और विष्णु के बीच रंजिश चल रही थी। विष्णु और उसके साथियों को दबाव में लेने के लिए बम फेंके थे। पुलिस ने दीपक उर्फ दीपू यादव, ललित और अर्जुन बोरा को गिरफ्तार इसका खुलासा किया।एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया और सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि मझोला के कांशीराम नगर सीएल गुप्ता बाग निवासी ललित सागर शुक्रवार रात पुलिस लाइन निवासी अपने साथी दीपक उर्फ दीपू, अर्जुन उर्फ सन्नी गुर्जर और सिविल लाइंस के रेलवे हरथला कॉलोनी निवासी अर्जुन बोरा व अन्य दोस्तों के साथ चार बाइकों पर रेलवे हरथला कॉलोनी में जन्म दिन मनाकर लौट रहा था। इसी दौरान नागफनी के बंगला गांव निवासी विष्णु अपने साथी बॉबी का जन्मदिन रामपुर रोड स्थित होटल में मनाकर लौट रहा था। शुक्रवार रात करीब बारह बजे मॉडल शॉप के सामने अमरोहा क्राइम ब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर राजपाल सिंह के बेटे अर्जुन उर्फ सन्नी गुर्जर, अमरोहा में तैनात हेड कांस्टेबल राजेश सिंह यादव के बेटे दीपक उर्फ दीपू यादव, सहारनपुर में तैनात सिपाही के भाई पीयूष समेत अन्य युवकों ने बमबाजी शुरू कर दी। इस दौरान तमंचे से भी फायरिंग की। जिसमें विष्णु घायल हो गया था। घटना में सन्नी पक्ष के पीयूष और ललित भी घायल हो गए थे। पीयूष का तो बायां हाथ के चिथड़े उड़ गए थे। इस मामले में पुलिस ने ललित, अर्जुन बोरा और दीपू को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में पुलिस को अन्य। जिनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। रविवार शाम पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

## 9 वी पुण्यतिथि पर भुता में सभा का आयोजन किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच
शेर सिंह




बरेली- गौरवशाली सनातनी हिंदू की विचारधारा का सृजन करने वाले हिंदू हृदय सम्राट गोरक्ष पीठाधीश्वर गोरखनाथ मंदिर यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के गुरु परम पूज्य राष्ट्र संत ब्रह्मलीन महंत श्री अवैद्यनाथ जी महाराज की 9 वी पुण्यतिथि का कार्यक्रम सोमवार को विश्व हिंदू महासंघ की इकाई जिला बरेली की फरीदपुर तहसील के द्वारा दौलतपुर करैना,भुता में सभा का आयोजन जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप शर्मा,फरीदपुर तहसील अध्यक्ष गिरीश गंगवार जी, तहसील महामंत्री अर्पित गंगवार जी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभ आरंभ मुख्यातिथि के रूप में विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश मंत्री श्री पप्पू पहलवान जी, विशिष्ट अतिथि बरेली मंडल प्रभारी श्री राजेश मौर्य जी,जिला अध्यक्ष श्री नीरज पटेल जी के शुभ हाथो द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि किस प्रकार महाराज अवैद्यनाथ जी के द्वारा श्री राम मंदिर के कार्य पूर्ण करने में योगदान किया गया व ऊंच-नीच ब सनातन धर्म के भेदभाव को मिटाने का कार्य किया गया भारत के सभी सनातनियों को एकत्र कर श्री राम मंदिर के कार्य को एक आंदोलन के रूप में पूर्ण किया गया ! कार्यक्रम में विश्व हिंदू महासंघ बरेली जिला के जिला महामंत्री देवेश पटेल जी,वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल जी,जिला उपाध्यक्ष आशीष शर्मा जी,जिला मंत्री रवि सेठी,जिला मंत्री ब्रजेश गंगवार,महानगर उपाध्यक्ष पुनीत शर्मा, तहसील फरीदपुर प्रभारी सूर्य प्रकाश शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुष्पाल गंगवार,महामंत्री बृजेश गंगवार,मंत्री अरविंद कुमार,मंत्री हरपाल गंगवार,मीडिया प्रभारी अमित गुप्ता,उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष विकास गंगवार, उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद गंगवार तहसील सदस्य राजा बाबू रविंद्र कुमार माखनलाल मनोज कुमार श्याम बाबू मोहित कुमार आदि सदस्यों के साथ कई इकाइयों के अन्य मुख्य पदाधिकारी सदस्य भी उपस्थित रहें।।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# पद्मा श्री के लिए नामित होने पर डॉ.रघुनंदन का स्वागत

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा- कारागार सुधारो के क्षेत्र में पिछले 17 वर्षों से कार्य कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता,कारागार सुधारक डॉ प्रदीप रघुनंदन को भारत सरकार की ओर से प्रदान किए जाने वाले नागरिक सम्मान पद्मश्री के लिए नवमी वार नामांकित होने पर ब्राह्मण समाज एटा की ओर से एक स्वागत समारोह कर सम्मानित किया गया। कचहरी रोड स्थित अजय उपाध्याय के आवास पर एकत्रित ब्राह्मण समाज के लोगों ने मलयार्पणकर एवं पटका पहनकर डॉ.रघुनंदन का सम्मान किया। इस अवसर पर उपस्थित समाज के लोगों के बीच विचार व्यक्त करते हुए जिला एटा के ब्राह्मण समाज के संयोजक सोनी वशिष्ट ने कहा कि यह समाज के लिए एक गौरवशाली क्षण है। डॉ रघुनंदन पिछले 17 वर्षों से कारगर सुधारो के क्षेत्र में सक्रिय हैं , उनका योगदान अभूतपूर्व है उनके कारागार सुधार अभियान भारत वर्ष में चर्चित हुए हैं और इन अभियानों ने बंदियों को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रखते हुए जेल में रहते हुए रचनात्मक संकल्पों से जुड़ा है और बंदी जेल में रहते हुए एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभा रहे हैं। ब्राह्मण समाज के संरक्षक अजय उपाध्याय ने कहा कि आज पूरा समाज अपने आप को गौरवन्मित महसूस कर रहा है निश्चित रूप से डॉ रघुनंदन की सेवाएं अतुलनीय है हम सब ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें इस बार पद्मश्री निश्चित रूप से मिले। ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेता हरेंद्र सारस्वत ने कहा कि हमारे युवा पीढ़ी को डॉ. रघुनंदन के प्रयासों से प्रेरणा लेनी चाहिए जिससे कि हमारी अगली पीढ़ी समाज को गौरवान्वित करने का मार्ग प्रशस्त कर सके। इस अवसर पर प्रवेश मिश्रा,अतुल दीक्षित,सभासद प्रतिनिधि लोकेश पचौरी, विक्रांत मिश्रा, अनुज उपाध्याय, नितिन मिश्रा, सचिन मिश्रा, रामवीर उपाध्याय, लोकेंद्र मिश्रा एडवोकेट, अमित शर्मा, सुरेंद्र उपाध्याय, शैलेंद्र भारद्वाज, सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित थे।

# अवैध शराब के विरूद्ध सूरजपुर पुलिस की कार्रवाई, 89 लीटर महुआ शराब सहित 23 गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल



सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला के निर्देश पर बीते 2 दिन में पुलिस टीम ने अभियान चलाकर शराब बेचने वालों के विरूद्व आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। इस अभियान में थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा 23 प्रकरण में 89 लीटर महुआ शराब जप्त कर 23 लोगों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत हुई है। जिनमें चौकी खड़गवां क्षेत्र के ग्राम धरमपुर के रविकुमार से 10 लीटर, रोहित यादव से 4 लीटर, दुलेराम से 4 लीटर, थाना प्रतापपुर के ग्राम घसियापारा के गुंजा से 4 लीटर, ग्राम करसी के कोमल से 4 लीटर, ग्राम सिलौटा के शिवकुमारी से 3 लीटर, उषा से 3 लीटर, चौकी चेन्द्रा के ग्राम पकनी के प्रतीमा से 3 लीटर, थाना झिलमिली के ग्राम दवनसरा के अजय से 3 लीटर, थाना सूरजपुर के ग्राम पोड़ी के जानकरी से 2 लीटर, प्यारो से 3 लीटर, महुआपारा के मानसी से 2 लीटर, डुमरिया के मनीष से 3 लीटर, चौकी बसदेई के ग्राम उंचडीह निवासी अतिलाल से 2 लीटर, थाना विश्रामपुर के ग्राम गोविन्दपुर के रामप्रताप से 6 लीटर, शिवनंदनपुर के विजय से 8 लीटर, सुदामानगर के देवसाय से 4 लीटर, जयनगर के ग्राम संबलपुर के फलसाय से 2 लीटर, संजयनगर के शंकर से 3 लीटर, कनकपुर के लक्की से 3 लीटर, कृष्णा से 4 लीटर, शंकर से 3 लीटर तथा थाना चांदनी पुलिस ने ग्राम नवाटोला निवासी अमलेन्द्र प्रजापति से 6 लीटर महुआ शराब जप्त किया है। पुलिस के द्वारा इन सभी से 89 लीटर महुआ शराब कीमत 13450 रूपये का जप्त कर इन सभी लोगों के विरूद्व आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल ने कहा कि अवैध शराब के विरूद्व सूरजपुर पुलिस का यह अभियान निरतंर जारी रहेगा।

# जन चौपाल में समस्याओं की लगी झड़ी एक-एक कर सभी समस्या को किया निराकरण



क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- ओड़गी के दूरस्थ अंचल में इन दिनों केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त शफ़ी अहमद 3 दिवसीय दौरे पर है इस दौरान जनसंपर्क कर जन चौपाल कार्यक्रम लगाकर लोगों के समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं,, इनका जन चौपाल सर्वप्रथम मोहरसोप, ठाड़पाथर, विसालपुर, सेमरा, कुबेरपु र,विहारपुर, मोहली, खोहिर, लूल, बैजनपाठ, रामगढ़ सहित दर्जनों भर ग्रामों में रहा,, इस चौपाल में एक ओर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के द्वारा समस्याओं का अम्बार लगा तो वही शफ़ी अहमद ने सभी समस्याओं को फैसला ऑन द स्पॉट नायक फ़िल्म के अनिल कपूर के जैसे निराकरण करते नजर आए,,यहां मुख्य रूप से राजस्व विभाग, राशन, पुलिया, पानी, हैंडपंप खराब को सुधारने के लिए पहल, हाथी के द्वारा किसानों का फसल नुकसान पर संबंधित अधिकारियों से वार्तालाप कर समस्या को अवगत कराया,, साथ ही महुली में गढ़वतिया माता के मंदिर प्रांगण में मत्था टेक वहां हो रहे धर्मशाला निर्माण कार्य मे 25,000 (पच्चीस हजार रुपए) सहयोग राशि दिए,, इनके कार्य शैली से प्रभावित हुए जनता ने कांग्रेस पार्टी में भटगांव विधानसभा क्षेत्र से ऐसे प्रत्याशी बनाने की मांग भी जोरों पर हो रही है और जनसमुदाय का समर्थन भी देखने को मिल रहा है।

# पटवारियों की हड़ताल से तहसीलों में सन्नाटा पसरा

क्यूँ न लिखूँ सच
दिनेश परमार



आष्टा- पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल ने सरकार पटवारियों से चर्चा कर समाधान निकाले सीहोर। लंबे समय से मध्यप्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर जिले के करीब 305 पटवारी हड़ताल पर है। कई तहसीलों में सन्नाटा पसरा हुआ है, पटवारी संघ के हड़ताल में जाने से सीमांकन, नामांतरण आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र ,बंटवारा सहित काम पूरी तरह से प्रभावित हो गए है, जिस वजह से तहसील आ रहे ग्रामीणों को निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है,वही पटवारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती तब तक उनका अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा। सोमवार को पटवारियों के धरना स्थल पर पहुंचे पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल ने कहा कि पटवारियों की हड़ताल से क्षेत्रवासियों को परेशानी हो रही है, पूर्व में इछावर के धरना स्थल पर भी गया था, अब में सीहोर में अपने पटवारी साथियों के साथ खड़ा हूं। सरकार को पटवारी संघ से चर्चा करना चाहिए और उनकी मांगों को पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारी विरोधी भाजपा सरकार द्वारा पटवारी भाई-बहनों के साथ अन्याय दुर्भाग्यपूर्ण है। अपने इस अहंकार का जवाब विधानसभा चुनाव में भाजपा को जरूर मिलेगा। हड़ताल में पटवारी इछावर सहित अन्य स्थानों पर धरना दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पटवारी सरकार की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने का काम पटवारी करते हैं। पटवारियों की मांग पर ध्यान दिया जाए और उनका वेतनमान बढ़ाया जाए। श्री पटेल ने आश्वासन दिया कि मौजूदा सरकार पटवारी संघ की मांग पूरी नहीं करती है और अगर मप्र में कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार आती है तो हम पटवारी संघ की मांगों को पूरा करने की कोशिश करेंगे।

